वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 217 मंगलवार 3 दिसम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राजभवन में असम, झारखंड और नागालैंड का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

## राज्य स्थापना दिवस विविधता में एकता की हमारी संस्कृति के परिचायक, भारत विश्व की प्राचीनतम संस्कृति: राज्यपाल

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजभवन में सोमवार को झारखंड, नागालैंड और असम का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने इस दौरान इन राज्यों के निवासियों से संवाद करते हुए उनका राजभवन में अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राजभवन में राज्यों का स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को प्रत्यक्ष साकार अनुभूत किया जा सके। राज्यपाल ने झारखंड, नागालैंड और असम के स्थापना दिवस की चर्चा करते हुए इन राज्यों की संस्कृति, कला और जीवन से जुड़े महति पहलुओं पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति वाला देश है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में राज्यों के नाम और स्थानों के बारे में महत्वपूर्ण प्रसंग है। उन्होंने झारखंड में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा को याद किया और कहा कि आदिवासी धरोहर को संजोए यह देश का प्रमुख राज्य है। उन्होंने नागालैंड के इतिहास और असम की संस्कृति की चर्चा करते हुए इन राज्यों के निवासियों की कलाओं से सीख लेने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस के बहाने हम विविधता में एकता की हमारी संस्कृति से रूबरू होते हैं। यही ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' है। इससे संस्कृतियों की निकटता होती है। उन्होंने सभी राज्यों के निवासियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके कार्य के बारे में जाना और राजस्थान के विकास में योगदान का भी आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी राज और प्रमुख विशेषाधिकारी राजकुमार सागर भी मौजूद रहे।




### राज्यपाल बागडे को डॉ. देवेन्द्र धोदावत ने अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और केरल के राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार धोदावत ने मुलाकात कर अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की। राज्यपाल बागडे ने 'मां' पर लिखी उनकी कविताओं को पढ़कर सराहना की। राज्यपाल ने काव्य कृति के लिए डॉ. धोदावत को बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. धोदावत ने बताया कि 'मां' शब्द के आलोक में लिखी यह कविताएं उनकी अनुभूतियों से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि मां की सीख की उपयोगिता पर इसमें लघु कविताओं के साथ ही पिता, दादी, भाई, बहन और परिवार से संबंधित मानवीय भावनाएं शब्दों में संजोई गई है।

### मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की। राज्यपाल से शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# श्री वर्धमान दिगंबर जैन समिति श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फॉर्म मानसरोवर जयपुर की नवीन कार्यकारिणी





2025- 2026 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी श्री वर्धमान दिगंबर जैन समिति श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फॉर्म मानसरोवर जयपुर 2025- 2026 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य

अध्यक्ष कमलेश चंद जैन

उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार कासलीवाल

महामंत्री सौभाग मल जैन

मंत्री कुणाल काला

संगठन मंत्री रजनीकांत कोषाध्यक्ष अशोक बाकलीवाल सह कोषाध्यक्ष पंकज चंद्रवाड

प्रचार मंत्री सुरेंद्र पाटनी

कार्यकारिणी सदस्य

लालचंद जैन

मनोज लुहाडिया

राजेंद्र जैन

महेंद्र जैन

संदीप गंगवाल

विनय पापड़ीवाल

निर्विरोध निर्वाचित हुए

चुनाव अधिकारी श्री लालचंद जी जैन एडवोकेट ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई

कार्यक्रम में राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को माला पहनकर सम्मान किया मीरा मार्ग मंदिर कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राजेश काला लोकेश जैन दिगंबर जैन महा समिति मानसरोवर संभाग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शाह कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद जैन शाबाश इंडिया के प्रबंध संपादक राकेश गोदीका समाचार जगत के चक्रेश जैन ने सभी निर्वाचित सदस्यों को तिलक और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गणमान्य सदस्यों में प्रोफेसर आईपी जैन मिलाप चंद सोगानी स्वाध्याय मंडल के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन सांगानेर स्वाध्याय मंडल के अध्यक्ष सुनील जैन राजेंद्र बाकलीवाल साकेत जैन दुर्गापुरा से अशोक सेठी महिला मंडल से आशा जी जैन पुष्पा बोहरा नीना गदिया श्रीमती नवरत्न बाकलीवाल वर्धमान दिगंबर जैन समिति के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत मोहन कासलीवाल उपाध्यक्ष महावीर पाटनी वीरेंद्र गदिया उपस्थित रहे। राजस्थान जैन सभा के होने वाले 8 तारीख के चुनाव के प्रतिनिधि के रूप में राजेश काला राकेश गोदीका अशोक जैन गुड़ाचंद राखी जैन भी उपस्थित हुई। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष कमलेश चंद जैन ने समाज के सभी साथियों से मंदिर के कार्यों में सभी का साथ रहे निवेदन किया महामंत्री सौभाग मल जैन द्वारा मंच संचालन किया मंत्री कुणाल काला नेआए हुए सभी साथियों का अभिनंदन व्यक्त किया सभी को धन्यवाद दिया 'अध्यक्ष कमलेश चंद जैन

उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार कासलीवाल, महामंत्री सौभाग मल जैन, मंत्री कुणाल काला

संगठन मंत्री रजनीकांत कोषाध्यक्ष अशोक बाकलीवाल सह कोषाध्यक्ष पंकज चंद्रवाड

प्रचार मंत्री सुरेंद्र पाटनी

कार्यकारिणी सदस्यः लालचंद जैन, मनोज लुहाडिया, राजेंद्र जैन

महेंद्र जैन

संदीप गंगवाल

विनय पापड़ीवाल

निर्विरोध निर्वाचित हुए

<u>चुनाव अधिकारी श्री लालचंद जी जैन एडवोकेट ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई</u>

कार्यक्रम में राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को माला पहनकर सम्मान किया मीरा मार्ग मंदिर कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राजेश काला लोकेश जैन दिगंबर जैन महा समिति मानसरोवर संभाग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शाह कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद जैन शाबाश इंडिया के प्रबंध संपादक राकेश गोदीका समाचार जगत के चक्रेश जैन ने सभी निर्वाचित सदस्यों को तिलक और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का अंतरराष्ट्रीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन 15, दिसंबर को

## समाज की बेटी समाज में

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रथम वर्ष 2023 की अपार सफलता के बाद इस वर्ष पुनः जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 दिसंबर रविवार को इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में हो रहा है। सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन करने की संशोधित अंतिम तिथि 5 दिसम्बर 2024 है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका व मुख्य सूत्रधार यशकमल अजमेरा ,जयपुर ने बताया की शिरोमणि संरक्षक पुष्पा प्रदीप जकासलीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके बच्चे विदेश में और बड़े-बड़े शहरों में नौकरी / व्यापार करने चले जाते है ,जहाँ ना तो समाज जन और ना बच्चे एक दूसरे से परिचित हो पा रहे हैं एवं विवाह हेतु उचित जीवन साथी का चुनाव कठिन कार्य हो गया , आज की सबसे ज्वलंत समस्या के समाधान हेतु दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने देश भर में 16 रीजनों एवं 360 ग्रुप के माध्यम से विवाह योग्य बच्चों के परिचय हेतु विशाल जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया है ।जो हजारों अभिभावकों एवं प्रत्याशियों की उपस्थिति में आयोजित होगा । जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल,कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला ,जयपुर सूत्रधार जे के जैन कोटा व ममता जैन रायपुर ने बताया कि इस वर्ष 8 से अधिक देश में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे विशेष प्रतिनिधि के माध्यम से प्रविष्टि प्राप्त होना है। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, सचिव निर्मल संघी, कोषाध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि आयोजित होने वाले सम्मेलन में प्रत्याशियों स्वयं मंच से नवीन शैली में परिचय देंगे , समारोह स्थल पर जन्म पत्रिका मिलान हेतु कंप्यूटर एवं ज्योतिष विद्या दोनों विधाओं से मिलान की सुविधा सुनिश्चित की गई है, तथा रीजन की टीम जिसमे रीजन कार्याध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई, सुनील बज, रीजन मुख्य तकनीकी समन्वयक मनीष जैन सोगाणी, नीरज जैन, अतुल छाबड़ा, रमेश छाबड़ा, राजेश चौधरी एवं शासकीय समन्वयक भारत भूषण अजमेरा, सुरेंद्र कुमार जैन आदि अन्य सभी रीजन समन्वयको, संयोजको, क्षेत्रीय प्रभारियों के साथ सक्रिय रूप से कार्यो को अंजाम दे रहे हैं। प्रत्याशियों से व्यक्तिगत मुलाकात हेतु अलग-अलग कक्ष बनाए जा रहे हैं मंच से प्रस्तुत परिचय को लाइव चैनल के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा , सम्मेलन में देश-विदेश से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन फॉर्म भरे जा रहे हैं आने वाले समस्त प्रत्याशी के परिचय को सुसज्जित रंगीन पृष्ठ पर आकर्षक छपाई के साथ पत्रिका में प्रकाशन किया जा रहा है , जिसमें प्रत्याशी के छायाचित्र सहित संपूर्ण विवरण प्रकाशित होगा सम्मेलन हेतु प्रतिदिन फेडरेशन के प्रमुख कार्यालय इंदौर सहित, जयपुर, जबलपुर, कोटा, भोपाल, भीलवाड़ा, गवलीयर, पाण्डेचरी, गोहाटी, उज्जैन, उत्तरप्रदेश, हैदराबाद ,बेंगलूर सहित 100 से अधिक शहर में विभिन्न सोशल ग्रुप द्वारा सम्मेलन की सफलता के लिए कमेटी या बनाई गई है। देश की प्रमुख जैन संस्थाओं के प्रतिनिधि लोकसभा अध्यक्ष मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जी को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है लगभग 3000 प्रविष्टियां का लक्ष्य रखकर 6000 से भी अधिक अभिभावकों को उपस्थित होने की संभावना से तैयारी की जा रही है प्रमुख संयोजक श्री प्रदीप गंगवाल ,राजीव गिरधरवार भोपाल , प्रशांत जैन जबलपुर , संजय पापड़ीवाल, ऋषभ जैन, आशीष जैन इंदौर के सहयोग व सभी रीजन अध्यक्ष व पदाधिकारी, सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यध्यक्षो व महावीर ट्रस्ट अध्यक्ष अमित जी कासलीवाल एवं रीजन परामर्शक सुरेन्द्र पांड्या, नवीन सैन जैन, अनिल कुमार IPS के की सक्रियता से ही यह सफलता प्राप्त होगी ।मुख्य पुस्तिका परिचय पुष्प के प्रधान संपादक श्री कीर्ति जी पांड्या ,मुख्य संपादक जंबू जी धवल व संपादक मंडल की टीम द्वारा प्रकाशित की जायेगी ।



## श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, ब्यावर

# झंकार के पाचंवे दिन एकल, समूह गायन एवं समूह नृत्य से बांधा समा










**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**



ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु चल रहे ह्यझंकारह्ल कार्यक्रम के अन्तर्गत आज पांचवें दिन प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन में एकल गायन, समूह गायन व समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं द्वारा मीरां बाई के भजन, राजस्थानी लोक गीतों सहित विभिन्न प्रकार के गानों की प्रस्तुतियां दी गई। समूह नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने धूम मचाते हुए जोधा अकबर, महिषासुर वध, चरी नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य एवं भारत की विविधता में एकता का रंग भरते हुए विभिन्न राज्यों की नृत्यशैलियों को शामिल करते हुए भारतीय सांस्कृतिक परम्परा को जीवंत किया। अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि - एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंका रावत.द्वितीय स्थान पर अश्विता पारीक, तन्वी अग्रवाल, शिम्पी साहू तथा तृतीय स्थान पर सेजल भट्ट, सुगना रावत रही। समूह गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रेशमा कुमावत एवं समूह, द्वितीय स्थान पर दो समूह क्रमशः संजना गुप्ता एवं समूह, तन्वी अग्रवाल एवं समूह तथा तृतीय स्थान पर किरण वैष्णव एवं समूह रही। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी बिहानी एवं समूह. द्वितीय स्थान पर किरण वैष्णव एवं समूह तथा तृतीय स्थान पर ज्योति एवं समूह रही। आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका मोहित पाराशर, अनुसूर्या पंवार, माधुरी शर्मा एवं विधि त्रिपाठी ने निभाई। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं कर्मचारी गण एवं छात्राऐं उपस्थित रही।

# वेद ज्ञान

## मां की ममता

किसी ने सही कहा है कि हिमालय से ऊंची और सागर से गहरी होती है मां की ममता। मां जैसे पवित्र शब्द में समस्त ब्रह्मांड समाया है। मां जीवन की कड़ी धूप में भी संतान का साथ नहीं छोड़ती। वह कितनी भी कोमल और कमजोर क्यों न हो, परंतु जब अपने बच्चे को संकट में घिरा देखती है तो घायल शेरनी बन जाती है। मां के पल्लू में एक बच्चा खुद को अत्यंत सुरक्षित महसूस करता है। संतान को सुख व सुविधा प्रदान करने के लिए वह सब कुछ सहने को तैयार रहती है। मनुष्य के जीवन में प्रथम गुरु उसकी मां ही होती है। मां ही उसे शिक्षा और संस्कार प्रदान करती है। कहते हैं कि वीर शिवाजी की प्रसिद्धि के पीछे मां जीजाबाई का बहुत बड़ा हाथ था। एक कथा के अनुसार बालक ध्रुव को आकाश में सर्वश्रेष्ठ तारे का पद माता सुनीति की प्रेरणा से ही प्राप्त हुआ था। संतान चाहे कितने भी ऊंचे स्थान पर प्रतिष्ठित हो, मां का पद उससे भी ऊंचा होता है। सांसारिक मोह माया से विरत महर्षि और ऋषियों द्वारा भी माता को अत्यंत सम्मान प्रदान किया गया है। मां के अंतिम संस्कार के लिए आदि शंकराचार्य का आना इसी सत्यता को प्रमाणित करता है। दया, करुणा, क्षमा और त्याग आदि गुणों की साक्षात प्रतिमूर्ति मां की महानता को चंद शब्दों में व्यक्त करना दुर्लभ है। एक बार ईश्वर ने मां से कहा, यदि मैं तुम्हारे स्वर्ग को तुमसे छीन लूं तो बदले में क्या मांगोगी? मां बोली, मैं अपने हाथों में ऐसी ताकत मांगूंगी, जो अपने संतान की तकदीर लिख सकूं। एक निष्ठुर व्यक्ति अपनी मां की हत्या करके उसका दिल लेकर जा रहा था, राह में पत्थर की ठोकर खाकर, गिरने ही वाला था कि मां के हृदय से आवाज आई ह्वबेटा संभल कर, कहीं तुम्हें चोट तो नहीं लगी? ऐसी होती है मां और उसकी ममता। आधुनिक युग में हम मदर्स डे मनाकर अपनी-अपनी मांओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं, परंतु मात्र एक विशेष दिन के स्थान पर हमारी भारतीय संस्कृति में प्रतिदिन माता-पिता से आशीर्वाद लेकर दिनचर्या प्रारंभ करने का विधान बताया गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि माता-पिता और गुरु को ईश्वर के समान माना गया है। भाग्यवान हैं वे, जिन्हें मां का आशीर्वाद प्राप्त है। मां की भावनाओं को यदि आप ठेस पहुंचाएंगे तो कभी भी सुखी जीवन नहीं बिता सकेंगे।

# संपादकीय

## रफ्तार के दावों के बीच सुस्त आंकड़े...

जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 फीसद रहने के आंकड़े स्वाभाविक रूप से निराशाजनक हैं। हालांकि जुलाई झ सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी



रहेगी। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई। इसी तरह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर घट कर 3.1 फीसद रह गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.7 फीसद थी। कृषि जैसे कुछ क्षेत्रों में मामूली वृद्धि को छोड़ दें, तो ज्यादातर क्षेत्रों में विकास दर सुस्त ही दर्ज हुई है। इस सुस्ती के पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि रेपो दर ऊंची रहने और महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से उपभोक्ता व्यय घटा है। इसके अलावा राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय भी कम कर दिया गया है। इसका असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ा है। मगर फिलहाल इन स्थितियों में सुधार की बहुत संभावना नजर नहीं आती। विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर सुस्त रहने का अर्थ है कि बड़े पैमाने पर लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ा है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है। रोजगार और लोगों की कमाई घटने का स्वाभाविक असर उपभोक्ता व्यय पर पड़ता है। लोग केवल जरूरी चीजों की खरीद करते हैं, विलासिता की और टिकाऊ कही जाने वाली वस्तुओं की खरीद कम होने लगती है। स्वाभाविक ही इससे उत्पादन घट जाता है। यह भी एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले नौ-दस वर्षों में लोगों की मजदूरी और औसत वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। लंबे समय से इस बात पर जोर दिया जा रहा है जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक विकास के सारे उपाय तदर्थ ही साबित होंगे। अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। इसी तरह, बेशक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के आंकड़े दर्ज हो रहे हों, पर हकीकत में राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। इस पर काबू पाने के लिए सरकारी व्यय में कटौती करनी पड़ रही हैं। जिस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आ रही है, उससे जाहिर है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिकुड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विकास परियोजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा।

**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## गरीब का हक

अगर करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्लू कार और घर में वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल करने वाले भी गरीब और वंचित तबकों के लिए निर्धारित सहायता का लाभ उठाने से नहीं हिचकते, तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। यह न केवल प्रशासनिक ढांचे में घुले भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि एक समुदाय में समृद्ध या सुविधा-संपन्न माने जाने वाले लोग बहुत कम पैसों के लिए नैतिकता को ताक पर रख सकते हैं, कमजोर तबकों का हक चुराने में कोई शर्म महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि केरल में वित्त आयोग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के संबंध में एक समीक्षा की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि बीएमडब्लू कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग भी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में राजपत्रित अधिकारियों और कालेज के प्रोफेसरों समेत करीब डेढ़ हजार सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने की खबरों से लोगों में स्वाभाविक नाराजगी है। निश्चित रूप से यह गलत तरीके से लाभ उठाने वालों के साथ राज्य के प्रशासनिक तंत्र के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। मगर सवाल है कि यह घोटाला कितने समय से और किसके संरक्षण में चलता रहा! केरल सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना गरीब तबकों के लिए शुरू की थी। इसके तहत बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को हर महीने सोलह सौ रुपए दिए जाते हैं। मगर भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कुछ समृद्ध लोगों ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों का हक चुराने में कोई संकोच नहीं किया। दरअसल, केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया



ईमानदार है। यह एक आम तस्वीर हो सकती है, मगर घोटाले का ताजा मामला यही दर्शाता है कि राज्य के प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त या उसकी अनदेखी करने वाले लोग भी इतना प्रभाव रखते हैं कि करीब डेढ़ हजार लोग अनुचित और अवैध तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों की हकमारी कर रहे थे।



# देह दान पर नवकार ग्रुप की संगोष्ठी आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा विभिन्न अवसरों पर कई प्रकार के दान सदस्यों द्वारा किए जाते है, इसी बार ग्रुप द्वारा देह दान को प्रमुखता दी गई। इस बाबत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया गया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मालविया नगर प्रांगण में ग्रुप की छठी मीटिंग आयोजित की गई,जिसमें प्रमुख अतिथि डॉक्टर धीरज सक्सेना, विभागाध्यक्ष, शरीर रचना शास्त्र विभाग, एस एम एस मेडिकल कॉलेज,जयपुर, मुख्य अतिथि सुधा सेठी, दीप प्रज्वलनकर्ता,नरेश कुमार जैन पाटनी एवं विशिष्ट अतिथि, सतीश काला रहे। संस्थापक अध्यक्ष, नवीन सेन जैन द्वारा ग्रुप के आगामी वर्ष की रूप रेखा एवं कार्यवाही हेतु विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। अतिथियों का सम्मान साफा, दुपट्टा एवं माल्यार्पण मोहनलाल गंगवाल, सुरेश जैन बांदीकुई, महावीर बाकलीवाल, राजेन्द्र कुमार बाकलीवाल, चन्द्र कांता छाबड़ा, कनक देवी, कौशल्या जैन, प्रेमलता सेठी, ललिता बाकलीवाल,सुरेन्द्र कुमार गोधा,ज्ञान चन्द गंगवाल,विजय कुमार पांड्या एवं संतोष गंगवाल द्वारा किया गया। डॉक्टर धीरज सक्सेना द्वारा देह दान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ग्रुप के 15 सदस्यों द्वारा अपनी देह दान हेतु प्रपत्र भर कर दिए गए एवं अन्य सदस्यों द्वारा भी अपनी सहमति जताई गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुमारी चार्विका एवं ख़ुशी जैन द्वारा बहुत अच्छी प्रस्तुति दी गई। दस लक्षण पर्व के दौरान ग्रुप द्वारा जय जिनेन्द्र प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें मोबाइल पर जय जिनेन्द्र बोल कर संबोधित करने वाले 52 सदस्यों को पारितोषित दिया जा कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉक्टर सुशीला टोंग्या द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। मंगला चरण एवं शांति पाठ कनक देवी,ललिता बाकलीवाल, कौशल्या जैन, निर्मल रारा एवं रतन सोगानी द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि ग्रुप के सदस्य विद्या छाबड़ा, चन्द्र प्रभा गोदिका, डॉक्टर कमलेश कुमार कासलीवाल एवं अतिरिक्त सचिव,सुरेश कुमार बज के स्वर्गवास हो जाने पर 2 मिनिट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# मंगसिर सितपच्छं परिवार स्वच्छं...

## भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के 9 वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस के दिगम्बर जैन मंदिरों में हुऐ पूजा अर्चना के विशेष आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत स्वामी का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव सोमवार, 2 दिसम्बर को भक्ति भाव से मनाया गया इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान पुष्पदंत स्वामी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से श्री जी की पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ जन्म कल्याणक श्लोक मंगसिर सितपच्छं परिवा स्वच्छं, जनमें तीरथनाथाजी। तब ही चवभेवा निरजर येवा, आय नये निजमाथाजी।। सुरगिरिनहवाये मंगल गाये, पूजे प्रीति लगाई जी। मैं पूजौं ध्यावौं भगति बढावौं, निजनिधि हेतु सहाई जी ।। का उच्चारण करते हुए जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया । इसी तरह से तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए तप कल्याणक अर्घ्य चढाया गया । भगवान की महाआरती के बाद समापन हुआ। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार मुख्य आयोजन चार दीवारी स्थित प्राचीन जिनालय दिगम्बर जैन मंदिर जी छाबड़ा मनिहारो का रास्ता, जयपुर में प्रातःकाल 7.30 बजे पंचामृत अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजा व पुष्पदंत भगवान की विशेष पूजा के बाद मंदिरजी के ऊपर छत पर श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के पण्डित प्रकाश चन्द्र जैन सानिध्य में मनोरमा देवी, मुकेश, मनोज ठोलिया एवं परिजनों द्वारा ध्वजा शुद्धिकरण व ध्वजा पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मंदिर समिति के मंत्री प्रद्युम्न पाटनी, कोषाध्यक्ष अजय बोहरा सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

# मुनि श्री सुहित सागर जी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश



**निम्बाहेड़ा. शाबाश इंडिया**

सोमवार को नगर में दिगम्बर मुनि श्री सुहित सागर जी महाराज के आगमन पर धर्मावलम्बीयो ने भावभीना स्वागत अभिनंदन किया, धार्मिक क्रियाओ के साथ जिन प्रतिमा पर जिनभिषेक शांतिधारा के साथ मुनि श्री के मंगल प्रवचन भी हुए। सकल दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार सोमवार को प्रातः आचार्य श्री सुन्दरसागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री सुहितसागर जी नयागांव से विहार कर नगर में पधारे मुनि श्री का सरावगी गली स्थित आदिनाथ दिगम्बर जिनालय परिसर में समाज अध्यक्ष सुशील काला कि अगुवाई में समाजजनो ने अगवानी कर स्वागत अभिनंदन किया, इस अवसर मुनि श्री ने धार्मिक क्रियाए सम्पन्न करा भगवान आदि प्रभु कि प्रतिमा का जिनभिषेक ओर शांति धारा सम्पन्न कराई बाद मुनि श्री का विहार आदर्श कॉलोनी स्थित शान्तिनाथ मन्दिर कि ओर हुआ वहां मुनि श्री से धर्मावलम्बीयो ने श्री फल अर्पित कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर मुनि श्री ने प्रवचन में श्रद्धांलुओं को श्रावक धर्म पर उपदेश देते हुए साधू संत समुदाय कि सेवा ओर गृहस्थ जीवन में रहते हुए धर्म किस प्रकार किया जाए के आसान गुर बताते हुए अपने दैनिक जीवन कि क्रियाओ में इसे समाहित करने पर बल दिया। मुनि संघ विहार सेवा समिति के अध्यक्ष वैभव पाटनी ने बताया कि मुनि श्री के विहार के दौरान आचार्य श्री विजयराज जी के आज्ञानुवृति उपाध्याय प्रवर श्री जितेशमुनि के साथ दिगम्बर मुनि सुहित सागर जी का भावभीना मिलन हुआ ओर दोनों ने रत्नत्रय धर्म साधना पर चर्चा कि।

## तहसील स्तरीय वैश्य महासम्मेलन

# कैलेंडर विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

**मनीष विद्यार्थी सागर. शाबाश इंडिया**

शाहगढ। वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई शाहगढ का तहसील स्तरीय वैश्य सम्मेलन कैलेंडर विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह महेश गुप्ता के गार्डन से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी सागर, विनीता केसरवानी संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई,निक्की बृजपुरिया देवरी जिला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि कंछेदी लाल गुप्ता, राजाराम असाटी, आलोक जैन सागर श्रीमती रोहिणी साहू संध्या केसरवानी कमल डेवडिया, महेश गुप्ता, पत्रकार प्रकाश अदावन एवं अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अनिल जैन रानू ने की मंचासीन अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन माल्यार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। वैश्य गान श्रीमती नेहा जैन श्रीमती कामिनी जैन एवं स्वागत भाषण कमल डेवडिया ने रखा। वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रकाशित 2025 के कैलेंडर का विमोचन एवं वितरण किया गया। वैश्य समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया जिसमें डां शुभम गुप्ता, डॉ आयुष्मान



असाटी,का भी सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का संचालन मनीष शास्त्री विद्यार्थी जिला महामंत्री वैश्य योगेश समैया एवं आभार अजित जैन शिक्षक ने माना ।संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी ने कहा वैश्य महासम्मेलन की वैनर ताले वैश्य समाज को जागृत करने एवं वैश्य हितों के लिए कार्य समाज को प्रगति के पद पर स्थापित करने का लक्ष्य हम सभी का है, और हम संकल्पित हैं कि यह कार्य कर समाज उत्थान मैं हम सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय महिला इकाई अध्यक्ष विनीता केसरवानी ने कहा अगर वैश्य समाज को जगाना हैं तो हमें हमारे सदस्य संख्या बढ़ाना होगी और लोगों को जागने का कार्य करना होगा। जिला अध्यक्ष निक्की बृजपुरिया ने कहा वैश्य समाज के हितों में कार्य कर रही वैश्य महासम्मेलन द्वारा भोपाल मध्य प्रदेश में विशाल भवन का निर्माण किया जा रहा है और वह पूरे प्रदेश के वैश्य बन्धुयों को जोड़कर प्रदेश की वैश्य समाज का सफल संचालन करेगा हमें महासम्मेलन को गांव गांव तक पहुंचना है यहां भी वैश्य समाज का एक भी परिवार निवास करता है हमें उसे परिवार को जोड़ने का प्रयास करना हैं। अंत में जिला महामंत्री मनीष विद्यार्थी ने एक वृक्ष मां के नाम अवश्य लगायें सभी को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसील महामंत्री रानू गुप्ता , सुशील गुप्ता, हुकमचंद जैन अमरमऊ, मुकेश जैन हीरापुर, डा. जिनेंद्र जैन, जग्गी साहू पार्षद, विजय ताम्रकार, राधे ताम्रकार,शंभू दयाल गुप्ता, पदम सेठ सीएमओ श्रीमती रचना सेठ उमेश गुप्ता, दुर्गा असाटी दयाराम सोनी आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल में बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण





## कैलाश विमल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट का भव्य उद्घाटन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वरुण पथ, मानसरोवर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर के पास सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कैलाश विमल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए 45 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किए गए। ट्रस्ट के संस्थापक अशोक कुमार कासलीवाल (अध्यक्ष), सतीश कुमार कासलीवाल (मंत्री) एवं रोहित कासलीवाल (कोषाध्यक्ष) ने बताया कि वे समाज सेवा के प्रति समर्पित हैं और इस ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। समारोह में उपस्थित गणमान्य एम.पी. जैन, सुरेश चंद जैन, संतोष कासलीवाल, पवन कुमार जैन, राहुल कासलीवाल, अभिषेक जैन, पूजा जैन, विनोद जैन, सुनील गोधा, लोकेश सोगानी, जिनेश जैन, चेतन जैन, सुनील जैन गंगवाल ने ट्रस्ट के धार्मिक एवं सामाजिक उद्देश्यों की सराहना की और इसके सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। सुनील जैन गंगवाल ने बताया कि 2 दिसंबर को ट्रस्ट का भव्य उद्घाटन हुआ और भविष्य की योजनाएं शीघ्र घोषित की जाएंगी।

-सुनील जैन गंगवाल

# आर्यिका माताओं की आहारचर्या का अवलोकन कर लिया धर्म लाभ



**सनावद. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आर्यिकारत्न प्रतिभामती माताजी, आर्यिका सुयोगमति माताजी, आर्यिका मार्मिकमति माताजी के नगर में विराजमान होने से धर्म प्रभावना हो रही है। प्रतिदिन सुबह प्रवचन दोपहर को धर्म पर विशेष क्लास में स्वाध्याय तथा शाम को गुरु भक्ति के साथ प्रश्न मंच के कार्यक्रम चल रहे हैं। सोमवार को आर्यिका माताओं ने पड़गाहन तथा उनके द्वारा नियम के पूरे होने पर संत निवास में आहार ग्रहण किये। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ. नरेंद्र जैन भारती एवं कमलेश भूच ने बताया कि आर्यिका मातायें भगवान जिनेंद्र देव के दर्शन कर विशेष नियम लेकर आहारचर्या के लिए निकलते हैं तथा पड़गाहन के बाद जिस श्रावक के निवास पर या आहार स्थल पर विधि मिल जाती है वहाँ प्रासुक जल के साथ विशेष शोधन को ध्यान में रखकर सावधानी से हाथ की अंजुली में आहार ग्रहण करते हैं। श्रावक - श्राविकायें निरंतराय आहार होने पर अपने को विशेष पुण्यशाली मानकर भक्ति करती है। संत निवास में सोमवार को रविंद्र जैन, श्रीमती डिसेंटवाला जैन, लेखमाला जैन, मीना जैन, हेमा जटाले, साधना जैन ने आहार कराया। अनेक श्रद्धालुओं ने आहारचर्या देखकर पुण्य लाभ लिया।



आचार्य श्री प्रसन्नसागरजी महाराज ने कहा...

# जब तक सांसें हैं, तब तक जीवन का सदुपयोग कर लेना, ऐसा व्यवहार करो जो दूसरों को पसंद आए



**औरंगाबाद /नागपुर। शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री प्रसन्नसागरजी महाराज ने रविवार को अपने प्रवचन में कहा कि हमें जो मनुष्य का जन्म मिला है, वह परमात्मा का उपहार है। वैसे तो मनुष्य जन्म बड़े मुश्किल से मिलता है। इसीलिए इस जीवन में अहिंसा, दया, संयम और तप धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में यदि हमें जैन कुल मिला है, तो हमें संयम धारण कर इसके सोना कर लेना चाहिए। भगवान महावीर ने बताया है कि जिस धर्म में अहिंसा, दया, संयम और अन्य तप है, वह धर्म अच्छा है। जैसे नदी, सागर, हवा, पानी का कोई धर्म नहीं होता, वह सबके लिए उपलब्ध है। उसको मैं नमस्कार करता हूं। संत भक्त का उद्धार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पद हमें मिले, उसके अनुरुप निर्वहन करे। जो अपने लिए जीता है, उसको कोई याद नहीं करता, जो अपने और दूसरों दूसरों के लिए जीता है, उसको सभी याद करते हैं। पैसा ही जिंदगी नहीं, पर पैसे बगैर जिंदगी भी नहीं चलती। जो कर्म से मिला है, वह यहीं छूट जाएगा और जो धर्म से मिला है, वह साथ जाएगा। गाय घास खाकर पंचामृत देती है। मनुष्य अच्छा माल खाता है पर गंदगी में परिवर्तित होता है। जब तक सांसें हैं, तब तक जीवन का सदुपयोग कर लेना। ऐसा व्यवहार करो जो दूसरों को पसंद आए। पीयूषसागरजी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्त के घर भगवान आए हैं। स्वर्ग तक पहुंचाने का काम गुरु करते हैं। यदि गुरु का आशीर्वाद है, तो सबकुछ तुम्हारे पास है। मुनिश्री सहजसागरजी महाराज ने बताया कि संतरा संतनगरी बन गई है। सूरज जैन पेंढारी ने प्रस्तावना रखी। विधायक कृष्णा खोपड़े, मोहन मते, प्रवीण दटके, टेकचंद सावरकर, अतुल कोटेचा, सुभाष कोटेचा, निशा सावरकर, संतोष पेंढारी, श्रवण दोशी, निखिल कुसुमगर, आनंद मौजीलाल, उदय गहाणकरी, दिलीप राखे, रुपनारायण चौधरी ने ने आचार्यश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। सोमवार 2 दिसंबर को प्रातः 6:30 बजे सूर्यनगर से सिवनी रोड की ओर ससंघ मंगल विहार होगा।



**आगे कहा की कितना आसान काम है दूसरों पर ऊंगली उठाना।। और कितना कठिन काम है किसी गिरते की ऊंगली को थाम लेना।।**

गिरने वालों का जब कोई हाथ थाम लेता है तो वह वापस ट्रेक पर आ जाता है और फिर नया कीर्तिमान गढ़ता है क्योंकि हर गुजरता हुआ वक्त कुछ ना कुछ सीख और सबक देकर जाता है, और नया अनुभव लेकर आता है। इसलिए आज इन्सानों की प्रवृति और प्रकृति को समझने का वक्त आ गया है। हमारे बारे में कोई दूसरा फैसला ले, उससे पहले हमें अपनी बेहतरीन के लिए, खुद को फैसले लेने पड़ेंगे। खुद के लिये क्या बेहतर है-? और अपने बेहतर के लिये, किसी दूसरे के दुःख, दर्द, परेशानी का कारण तो नहीं बन रही है-? आज कल सुविधाओं से कम और दिखावे के कारण या वाणी, व्यवहार के कारण मानसिक तनाव, और बैचेनियाँ ज्यादा मिल रही है। इसलिए अपनी कमियों को जानें और हिम्मत से उन्हें दूर करने की कोशिश करें।

-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

## श्री दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्वनाथ जी सोनियान, खवासजी का रास्ता, जयपुर मंगल विहार- मंगल प्रवेश



**शाबाश इंडिया**

हम सभी का परम सौभाग्य है कि प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री वृषभानंद जी मुनिराज ससंघ रविवार, 01 दिसम्बर 2024 को सांय 3.00 बजे मुल्तान दिगम्बर जैन, आदर्श नगर, जयपुर से विहार कर सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़ हवामहल से भव्य जुलुस में श्री दिगम्बर जैन मंदिर पार्श्वनाथजी सोनियान, खवासजी का रास्ता जयपुर में पार्श्वनाथ भगवान के जयकारों से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। पूज्य उपाध्याय जी ससंघ का प्रवास श्री दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्वनाथ जी सोनियान, खवास जी का रास्ता जयपुर में दिनांक 02 दिसम्बर 2024 तक रहा। आज उपाध्याय श्री ससंघ शहर के आस- मंदिरों के करेगें। सायं 3.00 बजे कीर्तिनगर जैन मंदिर के लिए विहार किया। कमल दीवान अध्यक्ष, संजय गोधा मंत्री ने बताया कि साधर्मी श्रावक बंधुओं ने पूज्य उपाध्याय श्री के आहार चर्या, मंदिर दर्शन, प्रवास कार्यक्रम व मंगल विहार में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर धर्म प्रभावना कर धर्मलाभ अर्जित की।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सम्मान समारोह का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सशक्तिकरण ग्रुपके तत्वावधान में शनिवार, 30 दिसंबर को ई.पी. के ब्लू प्लूटो में श्रीमती विजिया कोठारी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलविंदर वालिया निर्देशक नारायण हॉस्पिटल थे और अतिथि निर्मल सिंघी, डॉक्टर निधि पाटनी, डॉक्टर शिप्रा नथानी, सुरेंद्र हरसाना, आर्किटेक्ट रश्मि गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, योगेश शर्मा और समाज की अन्य महत्वपूर्ण हस्तियां रही। सशक्तिकरण ग्रुप के संस्थापक नवीन भंडारी और हमारे मार्गदर्शक प्रकाश मेड़तवाल ने कार्यक्रम मैं उपस्थित होकर अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन सशक्तीकरण ग्रूप की सचिव श्रीमती पायल बैद, नेहा जैन एवं खुशबू कोठारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वर्षभर सशक्तिकरण ग्रूप के सदस्यों द्वारा किये गये सेवा कार्यों के लिए उनका सम्मान किया गया।पधारे हुवे डॉक्टर्स टीम द्वारा अति महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई. साथ ही गेम्स और हाउजी जैसी मनोरंजक गतिविधि भी थी कार्यकर्म में सशक्तिकरण ग्रूप सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।संरक्षिका श्रीमती विजिया कोठारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

# राजस्थान में फरवरी तक सर्दी कम रहने की संभावना

**शाबाश इंडिया।** राजस्थान में इस बार ठंड कम पड़ेगी। दिसंबर से फरवरी तक औसत से कम सर्दी रहने वाली है। कोल्ड-डे भी कम रहने वाला है। मौसम विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली से जारी फोरकास्ट में इस सीजन दिन और रात में तापमान औसत से ऊपर ही बने रहने की संभावना जताई गई है। यह स्थिति पूरे देश में रहने वाली है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी वजह सीजन में वेस्टर्न डिर्स्टबेंस भी कमजोर रहना मान रहे है। नवंबर में 4 से ज्यादा वेस्टर्न डिर्स्टबेंस आए, लेकिन वे कमजोर और ऊंचाई वाले पहाड़ों पर ज्यादा प्रभावी रहे। इस कारण राजस्थान समेत मध्य भारत के राज्यों में तापमान औसत के आसपास या उससे थोड़ा ऊपर रहा।

## नवंबर में भी औसत से कम रही सर्दी

इससे पहले नवंबर की स्थिति देखें तो प्रदेश में तापमान औसत से ऊपर ही दर्ज हुए थे। इस कारण नवंबर में औसत से कम ही सर्दी रही। यहां किसी भी शहर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। दिन के अधिकतम तापमान भी प्रदेश में 25 से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुए।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के आदित्य बॉक्स क्रिकेट का शानदार समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के आतिथ्य में दो दिवसीय आदित्य बॉक्स क्रिकेट का शानदार व रंगारंग समापन हुआ ' रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गोयल ने बताया कि रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ ने कप जीता ' रनर अप रोटरी क्लब दौसा रहा ' रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की आदित्य बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में चल रहे रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के सचिव बसंत जैन ने बताया कि दो दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 19मैच हुए ' जिसमें लीग मैच के साथ साथ क्वार्टर फाइनल सेमीफाइनल हुए ' डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता , पीडीजी अजय कला, डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्ट्रेरी आलोक अग्रवाल रोटरी क्लब बापूनगर के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गोयल व सचिव बसंत जैन , टूर्नामेंट चेयरमैन पी सी सांघी, संयोजक बृजेश गुप्ता ने विजेता टीम को विनर ट्रॉफी प्रदान की ' द्वितीय टीम को भी ट्रॉफी दी गई ' मेन ऑफ द सीरीज रोटरी क्लब नॉर्थ के भारत भूषण रहे ' रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई दी एवं टूर्नामेंट को होस्ट करने के लिए रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर व रोटरी क्लब जयपुर को धन्यवाद दिया। टूर्नामेंट में रोटरी के 500से अधिक सदस्यों ने इसका आनंद लिया ' रोटरि के नीरज अग्रवाल ,सुधीर जैन दिनेश बज, चन्द्र महाजन अनिल जैन , रोटरी क्लब की प्रथम महिला ममता गुलाब, निर्मला जैन, ऊषा गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।






# श्री नेमीनाथ स्वाध्याय पाठ्यक्रम आरंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति द्वारा श्री नेमीनाथ स्वाध्याय पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम के तहत नेमीसागर कालोनी में नियमित रूप से धार्मिकों कक्षाएं लगाई जा रही हैं। यह कार्यक्रम श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन समाज समिति एवं श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित किया जा रहा है। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया एवं वैशाली नगर के ए सी पी आलोक गौतम मुख्य अतिथि रहे। पाठ्यक्रम के पुण्यार्जक श्रीमती बबिता जैन, मंजू जैन एवं रचना गोयल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समिति के उपाध्यक्ष अनिल जैन धुंआ वाले द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।मंच संचालन पारस निगोतिया ने किया।





## रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 क्रिकेट टूर्नामेंट

# नॉर्थ नाइट राइडर्स ने रच दिया इतिहास





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 के अंतर्गत 30 नवंबर और 1 दिसंबर 2024 को आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ की टीम नॉर्थ नाइट राइडर्स ने अपनी जबरदस्त प्रदर्शन क्षमता और अनुशासन का परिचय देते हुए फाइनल में दौसा की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले में नॉर्थ नाइट राइडर्स ने दौसा की टीम को सिर्फ 38 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद, टीम ने पांच विकेट रहते लक्ष्य को आसानी से हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। इस अद्भुत प्रदर्शन के साथ नॉर्थ नाइट राइडर्स ने 5 मैच जीतकर चैंपियन का ताज अपने नाम किया। रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन के दूरदर्शी नेतृत्व और टीम के खिलाड़ियों अनिल जैन, जितेंद्र जैन, सन्मति जैन, स्वप्निल शर्मा विनायक शर्मा, प्रगीत सोगानी, आशुतोष साहू, आदिश जैन, भारत भूषण, रजत सिंघल और अनिल मडोत के उत्कृष्ट प्रयासों ने इस जीत को संभव बनाया। उन्होंने टीम को न केवल प्रेरित किया बल्कि हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष अनिल जैन ने सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि इस शानदार जीत ने यह साबित कर दिया है कि जब एकजुटता, अनुशासन और समर्पण का संगम होता है, तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, यह जीत हर खिलाड़ी के परिश्रम और टीम के उत्साह का परिणाम है। इस ऐतिहासिक जीत के लिए पूरी टीम, सभी सदस्यों और समर्थकों को हार्दिक बधाई। जब संग हो नॉर्थ का मेल, हर खेल में छा जाए खेल।

# कैंसर की शुरूआती पहचान के लिए स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज का नया टेस्ट

### स्ट्रैंड के नए जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर की हुई शुरूआत

strand

**बेंगलुरु. शाबाश इंडिया।** भारत की प्रमुख जीनोमिक्स और बायोइनफॉरमैटिक्स कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने कई तरह के कैंसरों का जल्द पता लगाने के लिए एक नए रक्त आधारित टेस्ट की शुरूआत की है। कैंसरस्पॉट नाम का यह टेस्ट, कैंसर ट्यूमर डीएनए की पहचान करने के लिए विश्व स्तर पर स्वीकृत मिथाइलेशन प्रोफाइलिंग तकनीक का उपयोग करेगा। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है। कैंसरस्पॉट रक्त में कैंसर डीएनए मिथाइलेशन सिग्नेचर की पहचान के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग और विश्लेषण प्रक्रिया का इस्तेमाल करता है। यह कैंसर जांच का सरल और सुविधाजनक विकल्प है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोर्ड सदस्या ईशा अंबानी पीरामल ने कहा, रिलायंस मानवता की सेवा और चिकित्सा के भविष्य को नया आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्ट्रैंड का नया कैंसर पहचान टेस्ट एक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा समाधान है। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ डॉ. रमेश हरिहरन ने कहा, ₹कैंसर से लड़ने और जीतने के लिए समय पर चेतावनी देना जरूरी है। हमें कैंसर पहचान परीक्षण शुरू करने पर गर्व है।₹ जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन डॉ. चार्ल्स कैंटर ने किया, जो जीनोमिक्स और बायोफिजिकल केमिस्ट्री विशेषज्ञ हैं। 33,000 वर्ग फीट में फैली यह एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला है।

# जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ,पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का जन्म एवं तप केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि कस्बे के मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में आज प्रातः श्रावकों द्वारा श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना करने के बाद नवदेवताओं की पूजा, विभिन्न तीर्थंकरों की पूजा करने के बाद आचार्य वर्धमान सागर महाराज, आचार्य सुनील सागर महाराज, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज, आचार्य शंशाक सागर जी महाराज, तथा आर्यिका ज्ञानमती माताजी, आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका विज्ञा श्री माताजी, आर्यिका पूर्णमति माताजी सहित विभिन्न दिगम्बर संतों के अर्घ्य चढ़ाकर पूजा की गई बाद में जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का सामूहिक रूप से जयकारों के साथ केवल जन्म एवं तप कल्याणक कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई, कार्यक्रम में कपूरचंद जैन नला ,मोहनलाल झंडा, भागचंद टीबा वाले,महावीर कठमाणा,केलास कासलीवाल , हनुमान कलवाड़ा, प्रेमचंद कठमाना सोभामल सिंघल, हरकचंद झंडा,रमेश बजाज,महावीर मोदी,टीकम गिंदोढी,राजेंद्र मोदी, सुरेश गिंदोडी , विनोद झंडा, कमल झंडा,पदम टीबा वाले, पूनम कासलीवाल,राजाबाबू गोधा तथा संतरा झंडा,प्रेमदेवी पंसारी, विमला मोदी,कमला कासलीवाल, मंजू झंडा, गुणमाला झंडा ,सुशीला झंडा,रेखा झंडा,शोभा झंडा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

आपका एक वोट समाज की दशा और दिशा बदल सकता हैं, मतदान जरूर करें ।

# राजस्थान जैन सभा

## कार्यकारिणी सदस्य चुनाव-2024

## मानव सेवा को समर्पित प्रमुख समाजसेवी



**बैलेट नं. 12**

को अपना

अमूल्य मत एवं समर्थन

देकर विजयी बनायें

रविवार, दिनांक 8 दिसम्बर 2024

समय : प्रातः 8.15 बजे से सायं 5.15 बजे तक

स्थान : महावीर स्कूल प्रांगण, सी-स्कीम, जयपुर

## राकेश गोदिका

मानव सेवा के लिये समर्पित



विगत 43 वर्षों में 500 से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर
20,000 यूनिट के लगभग रक्त एकत्रित करवाने में एवं
1000 नैत्र प्रत्यारोपण ऑपरेशन करवाकर मानव सेवा में सहयोग किया
राकेश गोदिका ने अब तक स्वमं ने भी लगभग 75 बार रक्तदान कर
मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया



निवेदनकर्त्ता

## राकेश छाबड़ा

कोषाध्यक्ष : वीर सेवक मण्डल